बिहार मानवाधिकार आयोग
9, बेली रोड, पटना

प्रेस विज्ञप्ति

मानवाधिकार संरक्षण से सम्बन्धित श्रेष्ठ **"नारों"** **(Slogans)** का चयन किया जाना **है।** अतः मानवाधिकार संरक्षण से संबंधित नारे (Slogans) जो अधिकतम 30 (तीस) शब्दों के अंदर हो, को आयोग को दिनांक **02 दिसंबर, 2013** तक नीचे लिखे अनुसार भेजा जा सकता है। एक व्यक्ति द्वारा एक या उससे अधिक slogans भेजे जा सकते हैं। प्राप्त नारो (Slogans) में से चयनित श्रेष्ठ slogans भेजने वालों को आयोग द्वारा **सम्मानित** किया जायेगा।

2. बिहार मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यों के लिये **गैर सरकारी संस्थाओं (NGO's)** को प्रोत्साहित किया जाना प्रस्तावित है। अतः मानवाधिकार संरक्षण कार्यों से जुड़ी गैर सरकारी संस्थाएं अपनी संस्था से संबंधित आवश्यक सूचनायें यथा नाम, पता, रजिस्ट्रेशन ब्योरा, सम्पर्क नम्बर, e-mail address, publications, किये गये कार्यों का ब्योरा इत्यादि **02 दिसंबर, 2013** तक आयोग को भेजें।

उपरोक्त सूचनाएं आयोग को डाक/ आयोग के फैक्स नं0– 0612.–2232280/आयोग के e-mail: sec-bhrc@nic.in पर भेजी जा सकती है। सूचना भेजने वाले अपना नाम, पता, सम्पर्क दूरभाष (मोबाईल नं. समेत) अवश्य भेजें ताकि उनसे सम्पर्क करने में कठिनाई नहीं हो।

3. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 12 (A) के आलोक में लोक सेवक द्वारा मानवाधिकार हनन के मामलों अथवा लोक सेवक द्वारा मानवाधिकार हनन को रोकने में अक्षमता संबंधी **परिवाद पत्र अध्यक्ष/ सदस्य/सचिव,** बिहार मानवाधिकार आयोग को संबोधित करते हुए डाक द्वारा /आयोग के फैक्स नं.– 0612.–2232280/आयोग के e-mail: sec-bhrc@nic.in पर भेजी जा सकती है।

श्री शैलेश कुमार
(संयुक्त सचिव)
बिहार मानवाधिकार आयोग,
9, बेली रोड पटना।